समयबद्ध/प्राथमिकता

संख्या- 10/1537/26-3-2014

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त,**
   उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त जिलाधिकारी,**
   उत्तर प्रदेश।

समाज कल्याण अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक 10 सितम्बर, 2014**

विषय:- **कक्षा-9 एवं 10 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को देय छात्रवृत्ति हेतु शैक्षिक सत्र 2014-15 से ऑनलाइन आवेदन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में शासन के संज्ञान में आया है कि कक्षा-9 एवं 10 के शैक्षिक सत्र 2014-15 हेतु ऑनलाइन आवेदन, जो दिनांक 01 अगस्त, 2014 से प्रारम्भ हुए थे और 30 सितम्बर, 2014 तक जारी रहेंगे, की प्रगति दिनांक 09 सितम्बर, 2014 को प्राप्त स्थिति (संलग्नक) अनुसार गत वर्ष की तुलना में कम है।

कृपया उपरोक्त को देखते हुए यह आवश्यक है कि आप अपने स्तर पर तत्काल अनुश्रवण कर लें और यह भी देख लें कि जानकारी के अभाव में ऑनलाइन आवेदन प्रभावित तो नहीं हो रहा है। जनपद/मण्डल स्तर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही/प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित करना उपयुक्त होगा। समयबद्धता को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता देने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव

संख्या व तददिनांक:

प्रतिलिपि निदेशक, समाज कल्याण को उनके पत्र संख्या-2527/स0क0/शिक्षा-अ/2014-15, दिनांक 08-09-2014 के क्रम में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in